2. कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल काउंसिल फार वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण करने व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान/राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर से 12वीं के लिये निर्धारित कोर्स के अनुसार अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा। (यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब अंग्रेजी व आई.टी.आई. की अंतिम वर्ष की परीक्षा एक ही वर्ष में उत्तीर्ण की हो अथवा अंग्रेजी की परीक्षा आई.टी.आई. करने के पश्चात उत्तीर्ण की हो।)

3. कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात किसी भी मान्यता प्राप्त पोलोटेक्निक कॉलेज से 3 वर्ष का AICTE से मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण करने पर उन्हे कक्षा 12वीं के समकक्ष माना जायेगा।

4. कृषि पाठ्यक्रम से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए सम्बद्धक विश्वविद्यालय के नियमों का पालन किया जाएगा।

क. कॉलेज में समस्त प्रवेश योग्य छात्र/छात्राओं को प्रवेश देने के उपरान्त भी यदि किसी कक्षा में स्थान रिक्त रहते हैं तो उन्हें निदेशक कॉलेज शिक्षा को सूचित करते हुए उपर्युक्त पात्रता में 3 प्रतिशत तक की छूट देकर वरीयता क्रम में भरा जा सकेगा।

ख. राजस्थान के बाहर के प्रत्येक प्रत्याशी, जो राजस्थान के अलावा अन्य किसी स्थान से अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण हो तथा राजस्थान के निवासी न हों, **के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 60 प्रतिशत होगा।**

8. उन छात्रों को भी, जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पूरक परीक्षा में बैठने वाले हों, आगामी कक्षा में प्रवेश मिल सकता है। यह प्रवेश छात्र/छात्रा के स्वयं के उत्तरदायित्व पर होगा। प्रवेश न लेने की स्थिति में परिणाम घोषित होने के बाद उनका नियमित प्रवेश नहीं हो सकेगा। ऐसे प्रवेशार्थियों की उपस्थिति कॉलेज में अध्ययन प्रारम्भ होने की तिथि से गिनी जायेगी। ऐसे छात्र/छात्रा पूरक परीक्षा परिणाम घोषित होने के पन्द्रह दिन के अन्दर-अन्दर अपनी मूल अंक तालिका व उसकी दो प्रमाणित प्रतिलिपियाँ कार्यालय में जमा करा दें। यदि वे ऐसा नहीं करते है तो उनका नामांकन (Enrollment) आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय को नहीं भेजा जायेगा तथा छात्र/छात्रा जिसका नामांकन विश्वविद्यालय में नहीं होता है, परीक्षा में बैठने का अधिकारी नहीं होगा।

9. गैर कॉलेजों के छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय व शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार तथा स्थान रिक्त रहने पर ही प्रवेश दिया जा सकता है एवं **अन्य कॉलेज के छात्र/छात्राओं को सम्बन्धित कॉलेज से एन.ओ.सी. लानी होगी।**

Scanned with OKEN Scanner

10. आवेदन पत्र पर छात्र/छात्रा के पिता/पति/संरक्षक के सही हस्ताक्षर होने चाहिए तथा उनका सत्यापन होना चाहिए। प्रत्येक असत्य विवरण का उत्तरदायित्व प्रवेशार्थी को होगा।

11. यदि प्रवेशार्थी आवेदन-पत्र के साथ किसी भी आवश्यक प्रमाण-पत्र को प्रस्तुत नहीं करेगा तो उसे सामान्यतया प्रवेश नहीं दिया जायेगा परन्तु प्राचार्य विशेष स्थिति में अस्थायी प्रवेश दे सकते हैं, प्रवेशार्थी के स्वयं ही प्रवेश तिथि के पन्द्रह दिन के अन्दर-अन्दर आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर प्रवेश को स्थायी करा लेना होगा। निश्चित समय के बाद भी प्रार्थना पत्र अपूर्ण रहने पर बिना सूचना दिये भी प्रवेश निरस्त किया जा सकता है। इसे संबंधित विद्यार्थी कृपया नोट कर लें।

12. जिन छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा, उन्हें निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा कराकर उसकी रसीद, प्रवेश-पत्र एवं पुस्तकालय कार्ड प्राप्त कर लेना चाहिए। **निर्धारित तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा न होने पर प्रवेश स्वत: ही निरस्त हो जायेगा।**

13. किसी भी आवेदक का प्रवेश तब ही पूर्ण माना जाएगा जबकि वह प्रवेश की सभी शर्तों की पूर्णतः पालना करता हो।

14. प्रवेश हो जाने पर फीस की रसीद प्रस्तुत कर कार्यालय से अपना परिचय-पत्र प्राप्त कर लें। इसे कॉलेज में सदैव अपने साथ रखना होगा।

15. प्रवेश के बाद कार्यालय से प्रवेश-पत्र प्राप्त 3 दिन में संबंधित विषय प्राध्यापकों को दिखाकर उपस्थिति रजिस्टर में नाम लिखवाना होगा।

16. प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक वर्ष प्रवेश पत्र प्राप्त करते ही कॉलेज द्वारा एक आई.डी. नम्बर दिया जाता है जिसे वह अपने नाम के साथ सत्रान्त तक प्रयोग करेगा। सभी प्रकार के आवेदनों में नाम के साथ कॉलेज आई.डी. नम्बर देना आवश्यक है।

17. विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक छात्र को विश्वविद्यालय में नामांकन (Enrollment) कराना अनिवार्य है, जो कि एक बार ही होता है।

18. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान एवं राजस्थान वश्वविद्यालय के अलावा अन्य बोर्डों/विश्वविद्यालयों से अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र को राजस्थान विश्वविद्यालय में नामांकन कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ प्रवजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) भी लगाना आवश्यक है।

19. कॉलेज में प्रवेश मिल जाने के बाद यदि किसी विद्यार्थी का आचरण आपत्तिजनक पाया गया या उसने कॉलेज का अनुशासन भंग किया अथवा उसके प्रवेश आवेदन पत्र में कोई सूचना असत्य पाई गई या उसने कॉलेज नियमों का उल्लंघन किया या अपने पिता/संरक्षण के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के हस्ताक्षर कराये अथवा स्वयं ने हस्ताक्षर किए तो उसका यह कार्य अत्यन्त अवांछनीय होने के कारण दण्डनीय अपराध समझा जायेगा तथा उसका प्रवेश तुरन्त रद्द कर दिया जायेगा और अगले वर्ष प्रवेश प्राचार्य के विवेक पर निर्भर करेगा।

20. सेवारत प्रार्थी अपने नियोक्ता अधिकारी का अनुमति पत्र संलग्न करें अन्यथा उसका प्रवेश अवैध समझा जाएगा, जिसके लिए प्रार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

21. विश्वविद्यालय एवं कॉलेज शिक्षा निदेशालय से प्राप्त प्रवेश संबंधी नियम आदेश प्राप्ति के साथ ही स्वत: मान्य होंगे।

22. प्राचार्य किसी भी प्रवेशार्थी को, बिना कोई कारण बताये, प्रवेश के लिए मना कर सकते हैं।

शुल्क विवरण

वार्षिक शुल्क	बी.ए. पार्ट I	बी.ए. पार्ट II	बी.ए. पार्ट III	एम.ए. पू./उ.	एम.ए. भूगोल पू./उ.	बी.कॉम. पार्ट I	बी.कॉम. पार्ट II	बी.कॉम. पार्ट III	बी.एससी पार्ट I	बी.एससी पार्ट II	बी.एससी पार्ट III
एक साथ	₹6800	₹7000	₹7000	₹7500	₹10500	₹7500	₹8000	₹8000	₹16000	₹16000	₹16000

नोट : 1. प्रायोगिक विषय भूगोल लेने वाले को कक्षा बी.ए. सेमेस्टर I, III, V में ₹ 1000/- उपर्युक्त फीस के अतिरिक्त देने होंगे।

2. विज्ञान संकाय में दो किस्तों में शुल्क जमा कराने पर ₹ 200/- तीन किस्तों में ₹ 300/- अतिरिक्त देने होंगे।

3. कला व वाणिज्य संकाय में दो किस्तों में शुल्क जमा कराने पर ₹ 100/- तीन किस्तों में ₹ 150/- अतिरिक्त देने होंगे।

4. II, IV व VI सेमेस्टर में पुन: प्रवेश शुल्क कला व वाणिज्य संकाय में ₹ 500/-, विज्ञान संकाय में ₹ 1000/- अतिरिक्त देने होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

2. **अन्य शुल्क**

1.	स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र	₹ 100/-	2.	चरित्र प्रमाण-पत्र	₹ 100/-
3.	परिचय-पत्र (दूसरी प्रति)	₹ 100/-	4.	पुनः प्रवेश शुल्क	₹ 100/-
5.	प्रवेश विलम्ब शुल्क	₹ 50/-	6.	विषय परिवर्तन	₹ 200/-
7.	ऑनलाईन एप शुल्क	₹ 100/-			

3. **विश्वविद्यालय शुल्क**

1. नामांकन, पात्रता शुल्क एवं सेमेस्टर परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।

शुल्क सम्बन्धी नियम

1. शिक्षक शुल्क पूरे सत्र का जमा कराना होगा। प्रवेश चाहे सत्र के किसी भी दिन हुआ हो।
2. **छात्रवृत्ति हेतु शुल्क की मूल रसीद पूरा शुल्क जमा करवाने पर ही दी जायेगी।**
3. चैक अनादरित (Return) होने पर बैंक शुल्क एवं विलम्ब शुल्क छात्र द्वारा देय होगा।
4. **प्रवेश के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क या उसका अंश वापस नहीं लोटाया जायेगा यदि आपने कहीं अन्यत्र आवेदन कर रखा है तो उसके प्रवेश निस्तारण के बाद ही निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करावें।**
5. **विश्वविद्यालय परीक्षा फॉर्म एवं छात्रवृत्ति फार्म पूरा शुल्क जमा करवाने पर ही अग्रेषित किया जायेगा।**
6. किसी अन्य विश्वविद्यालय / बोर्ड के छात्र / छात्राओं को पात्रता शुल्क प्रवजन प्रमाण-पत्र के साथ जमा कराना होगा।
7. प्रत्येक छात्र को चाहिये कि कॉलेज में जमा शुल्क की सभी रसीदें जब तक कॉलेज में अध्ययन करता है सुरक्षित रखें।

शुल्क मुक्ति, छात्रवृत्ति तथा वृत्तिका

1. छात्र/छात्रा को शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी शुल्क में मुक्ति नहीं दी जाती है।
2. गरीब एवं बी.पी.एल. छात्र/छात्राओं को शिक्षण शुल्क में छूट प्रबन्ध समिति द्वारा गठित समिति के नियमों के अनुसार होगी। शिक्षण शुल्क मुक्ति के लिए निर्धारित प्रपत्र पर घोषित दिनांक तक कार्यालय में आवेदन करना होगा।
3. इस कॉलेज में योग्य और निर्धन छात्रों को पुस्तकों के रूप में या विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क के रूप में सहायता दी जाती है। यह सहायता छात्र-सहायता कोष व अन्य साधनों से दी जाती है।
4. छात्रों को केन्द्रीय व राज्य सरकारों, सैनिक मण्डल व अन्य स्थानीय संस्थाओं से छात्रवृत्ति दिलाने की व्यवस्था भी की जाती है। इच्छुक छात्र इस सम्बन्ध में कार्यालय से सम्पर्क करें व समय पर आवश्यक आवेदन-पत्र पूरे विवरण सहित प्रस्तुत करें।
5. उन छात्र/छात्राओं, जिन्हें छात्रवृत्ति या वृत्तिकाएँ दी जाती हैं, शिक्षण शुल्क से मुक्ति नहीं मिलेगी।
6. कॉलेज किसी भी प्रकार की उपर्युक्त शैक्षणिक सुविधा केवल उन्हीं छात्र/छात्राओं को प्रदान करता है जो सदाचारी हों, नियमित हों तथा जिनकी शैक्षणिक प्रगति संतोषप्रद हो।
7. **असंगत व्यवहार, उपस्थिति में अनियमितता व अशिष्ट आचरण करने पर प्राचार्य ऐसे छात्र/छात्रा को शिक्षण शुल्क पर दी गई मुक्ति रद्द कर सकता हैं।**

कॉलेज से छात्र/छात्रा की निवृत्ति

1. प्रत्येक छात्र/छात्रा वार्षिक परीक्षा के होते ही कॉलेज से निवृत्त हो जाता है और आगामी सत्र के लिए पुनः आवेदन पत्र देने पर उसे प्रवेश मिलता है। यदि कोई छात्र सत्र के बीच में कॉलेज छोड़ना चाहे तो उसे लिखित में आवेदन करना चाहिए।
2. किसी भी छात्र/छात्रा को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र तब ही मिलेगा जबकि उसने शुल्क जमा कराकर पुस्तकालय व अन्य विभागों से बकाया मुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया हो।
3. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा तथा आवश्यक शुल्क जमा करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

उपस्थिति सम्बन्धी नियम

- सेमेस्टर प्रणाली में विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने हेतु प्रत्येक छात्र/छात्रा की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है। राज्य सरकार तथा कॉलेज शिक्षा द्वारा उपस्थिति के संबंध में कठोरता से पालन करने का निर्देश दिया गया है। कुल व्याख्यानों की संख्या सत्र के प्रारम्भ से ही दी जाएगी, चाहे छात्र ने सत्र के किसी भी दिन प्रवेश लिया हो।
- संकाय अथवा विषय परिवर्तन करने वाले छात्र इस संदर्भ में सतर्क रहें। प्रत्येक छात्र का दायित्व है कि वह हर माह के अन्त में सम्बन्धित प्राध्यापक से अपनी उपस्थिति ज्ञात कर लें। उपस्थिति कम होने की दशा में वार्षिक परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।
- दशहरा, दीपावली अवकाश, शीतकालीन अवकाश तथा सेमेस्टर परीक्षा से पूर्व जिन छात्रों की उपस्थिति वांछित उपस्थिति से कम होगी, उनकी सूचना, सूचना-पट्ट पर लगा दी जायेगी।

विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने सम्बन्धी नियम

1. सभी संकायों की सभी सेमेस्टर परीक्षाएँ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होंगी।
2. विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र/छात्रा को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी :-
   (क) सभी छात्र/छात्राओं को प्रत्येक सेमेस्टर में विश्वविद्यालय परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरना होगा।
   (ख) वह विश्वविद्यालय में नामांकित हो गया है एवं सत्र में सभी विषयों में न्यूनतम उपस्थिति 75% हो।
   (ग) छात्र/छात्रा ने कॉलेज के प्रति सभी प्रकार की देयता का भुगतान करके बकाया अदेयता प्रमाण-पत्र (NO- Dues) ले लिया है।

पुस्तकालय एवं वाचनालय के नियम

1. कॉलेज के पुस्तकालय एवं वाचनालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकों का उत्कृष्ट संग्रह है और प्रतिवर्ष नियमित रूप से नई पुस्तकें भी खरीदी जाती हैं।
2. वाचनालय में दैनिक समाचार-पत्र, विभिन्न विषयों एवं प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अनेक पत्र-पत्रिकाएँ नियमित रूप से उपलब्ध रहती हैं।
3. प्रत्येक छात्र/छात्रा से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वह पुस्तकालय एवं वाचनालय का अधिकाधिक उपयोग करें एवं मोबाइल का उपयोग नहीं करें।

(क) पुस्तकालय सम्बन्धी नियम :-

(1) पुस्तकालय पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक खुला रहेगा।

(2) प्रत्येक छात्र/छात्रा को प्रवेश के बाद कम्प्यूटरकृत पहचान पत्र दिया जायेगा जिसके द्वारा पुस्तकालय से एक समय में दो पुस्तकें अधिकतम 1 माह हेतु जारी की जायेगी।

(3) यदि पुस्तक 1 माह बाद तक नहीं लौटाई गई तो 2 रुपया प्रतिदिन (अवकाश के दिनों सहित) विलम्ब शुल्क देना होगा।

(4) पुस्तक एक बार देने के पश्चात् दूसरी बार ठीक आगामी अवधि के लिए तब ही दी जायेगी जबकि अन्य छात्र/छात्रा ने उक्त पुस्तक की मांग न की हो। यह अवधि 7 दिन से अधिक नहीं होगी और इसके समाप्त होने के पश्चात् तीसरी बार पुस्तक नहीं दी जायेगी।

(5) पुस्तकालय से संदर्भ पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं किसी भी छात्र/छात्रा को घर के लिए नहीं दी जायेगी।

(6) पुस्तक लेते समय छात्र/छात्रा देख लें कि पुस्तक में पृष्ठ सही है। पुस्तक कहीं कटी-फटी तो नहीं है। यदि वापसी के समय पृष्ठ कम पाये गये तो इसका उत्तरदायित्व उस छात्र/छात्रा का ही होगा। दोषी छात्र/छात्रा को पुस्तक का पूरा मूल्य अदा करना होगा तथा उसे 100 रु. से दण्डित भी किया जा सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

(7) सत्र के समाप्त होने से पूर्व प्रत्येक छात्र/छात्रा को सभी पुस्तकें पुस्तकालयाध्यक्ष को लौटाकर बकाया मुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा, जिसके बिना उसको प्रवेश-पत्र नहीं मिलेगा।

(8) पुस्तकालय व वाचनालय संबंधी कोई भी शिकायत होने पर छात्र/छात्रा पुस्तकालयाध्यक्ष से सम्पर्क करें।

(ख) वाचनालय सम्बन्धी नियम :-

(1) वाचनालय कक्ष में छात्र/छात्राओं द्वारा बात करना, शांति भंग करना या अन्य पाठकों के अध्ययन में विघ्न डालना वर्जित है। जो छात्र/छात्रा ऐसा करते पाये जायेंगे उनके प्रति कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

(2) यदि छात्र/छात्रा पुस्तकालय या वाचनालय की किसी सम्पत्ति, पुस्तक व पत्र-पत्रिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाता पाया जायेगा तो उसे सख्त दण्ड दिया जायेगा। ऐसे अपराधी को उस वस्तु की, जिसे उसने क्षतिग्रस्त किया है पूरी कीमत देनी होगी तथा अपराध की गम्भीरता के अनुसार प्राचार्य द्वारा उसे अन्य दण्ड भी दिया जा सकता है।

छात्र संघ :- चुनाव नहीं करवाये जाते है।

छात्र कल्याण परिषद्

छात्र कल्याण परिषद् के गठन में एक अधिष्ठाता, दो सह अधिष्ठाता व पाँच सदस्य होते हैं। यह परिषद् छात्र/छात्राओं की नीतियों को समन्वित, प्रोत्साहित एवं निर्देशित करती है। छात्र/छात्रा संघ इसकी प्रमुख इकाई के रूप में कार्य करता है। इसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

(1) कॉलेज में छात्र/छात्राओं में सहयोग, राष्ट्रीय एकता व भाईचारे की भावना उत्पन्न करना।

(2) कॉलेज में छात्र/छात्राओं के कल्याण हेतु कार्य करना।

(3) व्यक्तिगत तथा संस्था संबंधी मामलों के प्रति स्वस्थ, अनुशासनात्मक संतुलित दृष्टिकोण का सृजन करना।

(4) छात्र/छात्राओं में सेवा के प्रति निःस्वार्थ भाव विकसित करना।

(5) कॉलेज में सामाजिक, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक जीवन का प्रवर्तन करना।

शैक्षणिक गतिविधि मंच

इस मंच का उद्देश्य छात्र/छात्राओं को सभी विषयों का ज्ञान कराना है। इस मंच के अन्तर्गत व्याख्यान, सेमीनार व विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं।

परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये हों, इस मंच के सदस्य मनोनीत किये जायेंगे।

इस मंच का कार्य प्राध्यापकों की एक समिति, जिसमें सभी संकायों के प्राध्यापक सम्मिलित होंगे, चलायेगी।

योजना मंच

इस मंच में सभी संकायों के छात्र/छात्रा भाग ले सकते हैं। यह मंच राष्ट्र के विकास, अभिवृद्धि तथा राष्ट्रीय एकीकरण के कार्यक्रमों में छात्र/छात्राओं की रुचि जागृत करता है।

अन्य परिषदें

फोटोग्राफी क्लब, छात्र/छात्रा परामर्शदात्री समिति, सांस्कृतिक परिषद् एवं संगीत क्लब पर्यावरण संरक्षण क्लब, रेड रिबिन क्लब आदि।

खेलकूद

कॉलेज खेलकूद के क्षेत्र में भी विशिष्टता रखता है। यथासंभव प्रत्येक छात्र/छात्रा से कॉलेज द्वारा चलाये जा रहे खेलों में भाग लेने की आशा की जाती है।

प्रत्येक सत्र के लिए खेलकूद बोर्ड की संस्तुति पर प्राचार्य विभिन्न खेलों के कप्तानों की नियुक्ति करते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

कॉलेज द्वारा प्रतिवर्ष छात्र/छात्राओं को राजस्थान विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने के लिए भेजा जायेगा। कॉलेज वॉलीबॉल, फुटबाल, बास्केटबॉल, हॉकी, बैडमिण्टन, टेबिल-टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, भारोत्तोलन, कुश्ती, तैराकी, जिमनास्टिक, शतरंज, एथलेटिक्स व खो-खो इत्यादि खेलों की व्यवस्था करता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (नेशनल सर्विस स्कीम)

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छात्र/छात्रा को उसके शिक्षणकाल में ही सामाजिक सरोकारों से सक्रिय रूप से जुड़कर अपनी सहभागिता निभाते हुए स्वयं के व्यक्तित्व को निखारने का अवसर दिया जाता है। यहाँ उसे समूह में रह कर नेतृत्व की कुशलता अर्जित करने और कर्तव्यों को यथार्थ के ठोस धरातल पर व्यावहारिक रूप से समझने का सुयोग भी मिलता है। साथ ही वह अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर अपनी सामाजिक भूमिका को सुनिश्चित करने की समझ विकसित करता है।

एन.एस.एस. में छात्र/छात्राओं को तीन एक दिवसीय शिविर और नियमित गतिविधियों के अन्तर्गत 240 घण्टे कार्य करना होता है और एक विशेष शिविर लगाया जाता है जिसमें गाँव या बस्ती में दस दिन रहकर 240 घण्टे कार्य किया जाता है।

इस कार्यक्रम के प्रमुख मुद्दों में सामाजिक जुड़ाव के अन्तर्गत साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण, एड्स के प्रति जागरुकता, महिला सशक्तिकरण आदि प्रमुख हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कॉलेज समय-समय पर रक्तदान शिविर, ड्राइविंग शिविर, पर्वतारोहण तथा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के सुअवसर प्रदान करेगा।

एन.एस.एस. में पंजीकरण करवाने हेतु तिथि घोषित होने के बाद इच्छुक छात्र/छात्राओं को आवेदन-पत्र भरना आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आवेदन-पत्रों में से चयन कर पंजीकरण किया जाता है।

छात्र/छात्राओं का प्रबन्ध में सहयोग

कॉलेज में छात्र/छात्राओं से निम्नलिखित समितियों में सहयोग लिया जाता है :-

(1) शैक्षणिक परिषद्
(2) पुस्तकालय समिति
(3) स्पोर्ट्स समिति
(4) एन.एस.एस.
(5) सांस्कृतिक परिषद्
(6) विद्यार्थी कल्याण परिषद्
(7) छात्र सहायता कोष
(8) योजना मंच
(9) भाषण एवं वाद-विवाद समिति
(10) सामाजिक ज्ञान एवं विज्ञान प्रतियोगिता समिति

छात्रवृत्तियाँ

सरकारी छात्रवृत्तियाँ :-

(1) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
(2) राष्ट्रीय ऋण छात्रवृत्ति
(3) आवश्यक मय योग्यता छात्रवृत्ति
(4) अल्प आय वर्ग छात्रवृत्ति
(5) अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति
(6) अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति
(7) अंध, मूकबधिर अथवा विकलांग छात्रवृत्ति
(8) सेवारत मृत राज्य कर्मचारियों पर आश्रित छात्रों को छात्रवृत्ति
(9) अध्यापकों के बच्चों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
(10) स्वतंत्रता सैनानियों के बच्चों को देय छात्रवृत्ति
(11) विशेष पिछडा वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति
(12) श्री शंकर पटेल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति
(13) भारत, पाक एवं चीन में मृतक सैनिकों के बच्चों एवं विधवाओं को छात्रवृत्ति

नोट :- 1. छात्रवृत्ति आवश्यक शर्तें पूरी करने एवं संबंधित विभाग से स्वीकृति पर ही मिलेगी। यदि किसी विद्यार्थी को आवश्यक शर्तें पूरी नहीं करने के कारण छात्रवृति प्राप्त नहीं होती है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

2. छात्रवृत्ति आवेदन पत्र पूर्ण शुल्क जमा होने पर एवं विभाग द्वारा घोषित अन्तिम तिथि से एक सप्ताह पूर्व तक ही स्वीकार किये जायेंगे तथा खाता केवल एस.बी.आई. बैंक में ही खुलवाएँ।

Scanned with OKEN Scanner

सामान्य नियम

(1) किसी छात्र/छात्रा को अकारण कक्षा में अनुपस्थित रहने का अधिकार नहीं है।

(2) छात्र/छात्राओं को कॉलेज में अपनी साइकिल, स्कूटर आदि स्टैण्ड पर ही रखनी चाहिए। यदि कोई वाहन अन्यत्र रखा मिला तो ₹ 10 दण्ड देने पर तथा पूरी जाँच के पश्चात् ही उसको लौटाया जाएगा।

(3) यदि किसी छात्र/छात्रा का व्यवहार कॉलेज के प्रांगण में या बाहर कहीं भी ऐसा हो, जिससे कॉलेज की गरिमा को क्षति पहुँचे तो प्राचार्य को इस बात का पूर्ण अधिकार होगा कि वह उस छात्र/छात्रा को उचित दण्ड दे सके।

(4) छात्र/छात्राओं द्वारा धूम्रपान व नशीले पदार्थों का सेवन वर्जित है। कॉलेज प्रांगण में यदि कोई छात्र/छात्रा ऐसा करता पाया गया तो उसे कॉलेज से निष्कासित किया जा सकता है।

(5) छात्र/छात्राओं को हर वर्ष वार्षिक परीक्षा में बैठने से पूर्व, उन पर कॉलेज का कुछ बकाया है तो उसे चुका कर अदेयता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लेना चाहिए अन्यथा प्राचार्य उन्हें परीक्षा में बैठने से रोक सकते हैं।

(6) छात्र/छात्राओं को कॉलेज की सूचनाओं के लिए कॉलेज के व्हाट्सप एवं टेलिग्राम चेनल को सबक्राइब करें एवं नोटिस बोर्ड को अवश्य देंखे।

(7) मोबाइल नम्बर परिवर्तन होने की स्थिति में नया नम्बर अपडेट करवाने की जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की स्वयं की होगी।

(8) कॉलेज के सभी नियमित छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष एक परिचय-पत्र प्रवेश के साथ दिया जायेगा। परिचय-पत्र अहस्तांतरणीय है। उसका दुरुपयोग न हो, इसलिए परिचय-पत्र सत्र में एक बार ही दिया जायेगा। विशेष परिस्थिति में ₹ 100/- शुल्क जमा कराने पर ही नया परिचय-पत्र दिया जा सकेगा। यह सुविधा भी सत्र में केवल एक बार ही दी जायेगी।

(9) छात्र/छात्राओं को प्राध्यापक वर्ग के प्रति उचित सम्मान तथा कॉलेज के समस्त कर्मचारियों के प्रति सद्व्यवहार रखना चाहिए।

(10) कॉलेज के नियमित छात्र/छात्राओं को कॉलेज के प्रमाण-पत्र पर रेल्वे या बस द्वारा रियायती टिकट दिये जाते हैं। रेल्वे या बस कन्सेशन दोनों ही केवल स्थायी पते के लिये मिलते हैं। रेल्वे कन्सेशन व बस कन्सेशन दशहरा, दीपावली, शीतकालीन तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए ही दिया जा सकता है। रेल्वे कन्सेशन के लिए निर्धारित शुल्क ₹ 100/- जमा कराना होगा। अतः प्रत्येक छात्र/छात्रा को जो इस प्रकार की सुविधा प्राप्त करने का इच्छुक है, प्रवेश आवेदन-पत्र में अपने स्थायी निवास स्थान का नाम ठीक लिखना चाहिए। आवेदन-पत्र में लिखे स्थायी निवास स्थान में सामान्यता कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा। यदि स्थायी पते का स्थान ऐसा हो, जहाँ सीधी रेल या बस न जाती हो तो आवेदन-पत्र में निकटतम स्थान का नाम ही भरना होगा, जहाँ रेल या बस पहुँचती है। यात्रा करते समय प्रत्येक छात्र/छात्रा को अपने साथ कॉलेज का परिचय-पत्र रखना चाहिए। रेल्वे या बस कन्सेशन के लिए एक निश्चित आवेदन-पत्र लगभग एक सप्ताह पूर्व भरना होगा।

(11) चरित्र प्रमाण-पत्र वर्ष में अधिक से अधिक दो बार दिया जा सकता है। एक प्रमाण-पत्र का शुल्क ₹ 100/- होगा। कोई भी छात्र/छात्रा कॉलेज से मुद्रित चरित्र प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त अन्य रूप से प्रमाण-पत्र चाहता है तो वह आवेदन करने व ₹ 100/- का शुल्क जमा कराने पर दिया जा सकेगा।

(12) प्रवेश पाने के बाद प्रत्येक छात्र/छात्रा कॉलेज का अभिन्न अंग बन जाता है। उसका हर सुख-दुःख कॉलेज का सुख-दुःख है, अतः उसे कॉलेज के गौरव को बढ़ाने में लीन रहना चाहिए।

(13) प्राचार्य द्वारा इन नियमों की व्याख्या एवं छात्र/छात्राओं से संबंधित शैक्षणिक निर्णय अन्तिम होंगे।

(14) इन नियमों में परिवर्तन एवं परिवर्द्धन करने का प्राचार्य का पूर्ण अधिकार है।

Scanned with OKEN Scanner

कार्य दिवस सत्र 2025-26

उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान

माह	रविवार	अन्य अवकाश	कार्य दिवस	विवरण
जुलाई, 2025	4	आयुक्त कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी शैक्षणिक कलैण्डर अनुसार		आयुक्तालय द्वारा घोषित तिथि अनुसार
अगस्त, 2025	5	" "	" "	" " "
सितम्बर, 2025	4	" "	" "	" " "
अक्टूबर, 2025	4	" "	" "	" " "
नवम्बर, 2025	5	" "	" "	" " "
दिसम्बर, 2025	4	" "	" "	" " "
जनवरी, 2026	4	" "	" "	" " "
फरवरी, 2026	4	" "	" "	" " "
मार्च, 2026	5	" "	" "	" " "
कुल शिक्षण दिवस		" "	" "	" " "

नोट : आयुक्त कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी शैक्षणिक कलैण्डर मान्य होगा।

1. प्रवेश प्रक्रिया – आयुक्तालय द्वारा घोषित तिथि के अनुसार।
2. सत्र/शिक्षण कार्य प्रारम्भ – आयुक्तालय द्वारा घोषित तिथि के अनुसार।
3. अन्तिम शिक्षण दिवस – " " "
4. सत्र का अन्तिम कार्य दिवस – " " "
5. परीक्षा अवधि – विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार
6. ग्रीष्मावकाश – आयुक्तालय द्वारा घोषित तिथि के अनुसार।

Scanned with OKEN Scanner

कॉलेज में स्थित विभिन्न प्रयोगशालाएँ एवं पुस्तकालय










Scanned with OKEN Scanner

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते कॉलेज के छात्र/छात्राएँ





























Scanned with OKEN Scanner

कॉलेज द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ



Scanned with OKEN Scanner

कॉलेज द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ



कॉलेज में एन.एस.एस. ईकाई द्वारा आयोजित शिविर



नूपुर 2024






















Scanned with OKEN Scanner

नूपुर 2024



Scanned with OKEN Scanner

कॉलेज द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता



Scanned with OKEN Scanner

विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित तिलक पी.जी. कॉलेज की खबरें

तिलक पीजी कालेज बस्सी में मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

जोरदार जलेबा

बस्सी (जयपुर मीणा)। बस्सी कस्बे के तिलक पी.जी. महाविद्यालय में सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वें जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनायी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की शुरुआत कॉलेज प्रिंसिपल नारायण मीना ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया तथा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब का योगदान सभी के लिए प्रेरणादायक है। बाबा साहेब ने देश के करोड़ों दलित, वंचित एवं अल्पसंख्यक पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया। उनको संवैधानिक संस्थान के निर्माता के रूप में भारत के संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका के कारण पूरा विश्व याद करता है। उन्होंने भारत विभाजन एवं जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाये जाने का तत्कालीन परिस्थितियों में जबरदस्त तार्किक विरोध किया।



बाबा साहेब आर्थिक एवं विदेशी मामलों तथा विकास योजनाओं के अनुभवी व्यक्तित्व थे किन्तु तत्कालीन सरकार ने उनकी उपेक्षा की। उनके आदर्शों से सीखने वाली 5 बेड़ बाते है :-1. शिक्षा को शक्ति 2. बहनों के लिए संघर्ष 3. संविधान का सम्मान 4. विज्ञान आधारित सोच 5. मेहनत को भाग्य। इसी क्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज सैन ने कहा कि बाबा साहेब कहते थे कि दुनिया में गरीब वही है जो शिक्षित नहीं है इसलिए शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। इसी परिक्रम में कॉलेज उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि बाबा साहेब कहा करते थे कि अध्यापक वह है जो विद्यार्थी बन रहे तथा जीवन भला होने की बजाय महान होना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि की।

मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



बस्सी @ पत्रिका. तिलक पी.जी. कॉलेज बस्सी में शनिवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक अंजू चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस दौरान प्रतिभागियों ने निर्धारित समय में रचनात्मक मेंहदी हाथों में रचायी। प्रतियोगिता में प्रथम कृष्णा सैनी बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय प्रिया बैरवा बीए. सेमेस्टर प्रथम व तृतीय सोनाली छीलवाल बीए द्वितीय वर्ष रही। प्रथम विजेता को ट्रॉफी, द्वितीय को मैडल एवं सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा व सह-आचार्य डॉ.राजेन्द्र मीणा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



बस्सी. तिलक पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब अम्बेडकर सहित सभी महान विभूतियों जिन्होंने भारतीय संविधान की रचना में योगदान दिया उनको नमन करते हुए विद्यार्थियों को संविधान के प्रति आस्था व निष्ठा की शपथ दिलाई। कॉलेज उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने संविधान का अर्थ बताया और कहा कि भारतीय संविधान हमारी लोकतंत्र की आत्मा है एवं भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी व कार्मिक उपस्थित रहे।

अपने धनुर्धरों ने गोल्ड और ब्रांज मेडल से किया बस्सी का विजय तिलक

राजगंगा, बस्सी।

राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय लोकरंगी महिला/पुरुष प्रतियोगिता 2024, दो दिवसीय में तिलक पी.जी. कॉलेजियालय की बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सृष्टि व्यास ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही कलरवी नागर (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर), योगेश कसाना (बी.ए. तृतीय वर्ष), कार्तिक जलाला (एम.ए. फाईनल राज. विज्ञान) ने कास्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

कॉलेज प्रिंसिपल नारायण मीना, प्राचार्य डॉ.मनोज सैन, खेल प्रभारी डॉ. राजेन्द्र मीना ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीत की बधाई दी।







बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्माण दिवस)



बस्सी कस्बे के तिलक पी.जी. महाविद्यालय में आज दिनांक 06.12.2024 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्माण दिवस मनाया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज सैन ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि राष्ट्र निर्माता, सामाजिक न्याय के संरक्षक एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनके परिनिर्माण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। समतामूलक समाज का उनका स्वपन उनकी अमूल्य शिक्षाएं तथा संविधान निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान सदैव प्रेरित करता रहेगा। इसी क्रम में कॉलेज उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि महापरिनिर्माण दिवस पर हम हमारे संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हैं, समानता एवं मानवीय गरिमा के लिए डॉ. अम्बेडकर का अथक संघर्ष पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा, आज जब हम उनके योगदान को याद करते हैं तो हम उनके सपने को पूरा करने के लिए हम अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थी एवं समस्त स्टॉफजनों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सामाजिक उत्तरदायित्व और कानून व्यवस्था पर निर्भय स्कवायड



धारा सिंह मीना@जयपुर भूमि

जयपुर। गुरुवार को तिलक पी.जी. महाविद्यालय बस्सी में बॉस के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक उत्तरदायित्व और कानून व्यवस्था पर पुलिस निर्भय स्कावड राजस्थान पुलिस के संयोग से बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेडनिंग दी गई जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्म निर्भर बनाना है। छात्राओं को ये ट्रेनिंग निर्भया स्कावड की टीम टीम सुशीला एवं अनिता द्वारा कार्यशाला दी गई। इस कार्यशाला में टीम द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को विषम परिस्थिति में अपनी सुरक्षा करने के लिए उपयोगी तकनीक एवं सुरक्षा सम्बंधित जानकारी दी गई, उन्होने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस तकनीक का प्रयोग सिखाया तथा स्कावड टीम ने सभी छात्राओं को कॉप सिटिजन एप भी डाउनलोड करवाया, जिसके माध्यम से विषम परिस्थितियों में महिलाओं को पुलिस सहायता मिल सके। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज सैन एवं उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा द्वारा स्कावड टीम व कार्यक्रम संयोजक अंकुश मीना व समस्त स्टॉफ का आभार व्यक्त किया।

तिलक पीजी कॉलेज बस्सी में 75वें संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

राजगंगा, बस्सी।

बस्सी स्थित तिलक पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को 75वां संविधान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब अम्बेडकर सहित सभी महान विभूतियों जिन्होंने भारतीय संविधान की रचना में अपना योगदान दिया उनको नमन करते हुए विद्यार्थियों को संविधान के प्रति आस्था व निष्ठा की शपथ दिलाई गई। कॉलेज उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने संविधान का अर्थ बताया। संविधान में समा से समान तथा विधान का मतलब नियम होता है। भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।





तिलक कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



राजगंगा,बस्सी।

बस्सी उपखंड क्षेत्र में तिलक पी.जी. कॉलेज में शनिवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियागिता की संयोजक अंजू चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगियों ने निर्धारित समय के अंतर्गत बहुत ही रचनात्मक मेंहदी हाथों में रचायी।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृष्णा सैनी बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा रही।



द्वितीय स्थान पर प्रिया बैरवा बी.ए. सेमेस्टर प्रथम व तृतीय स्थान पर सोनाली छीलवाल बी.ए. द्वितीय वर्ष रही। प्रथम को ट्रॉफी, द्वितीय को मेडल एवं सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा व सह-आचार्य डॉ. राजेन्द्र मीणा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मधु को पीएचडी



बस्सी. सिघानिया विश्वविद्यालय ने बस्सी के तिलक महाविद्यालय की सह-आचार्य मधु सैन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। मधु सैन ने उत्तर आधुनिक कालीन परिदेश्य और अमरकांत का रचना-संसार : विविध आयाम विषय पर शोध किया है। इन्होने अपना शोध कार्य हिन्दी विभाग की प्रो. सरोज चौधरी के निर्देशन में पूर्ण किया है।

राजेन्द्र को पीएचडी



बस्सी. राजेन्द्र कुमार मीणा को राजस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया। राजेंद्र को यह उपाधि अजमेर मेरवाड़ा का सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास पर शोध के लिए दी गई। मीना ने यह शोध कार्य राजस्थान विश्वविद्यालय इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग के आचार्य डॉ. अभिमन्यु सिंह आढा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

छात्राओं को सेल्फ डिफेंस को लेकर प्रशिक्षण दिया



बातों करने के महाविद्यालयों में संबंधित पहलुओं से अवगत करा अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इन दिनों राजस्थान पुलिस की निर्भय स्कवॉयड की ओर से सेल्फ डिफेंस आत्म विश्वास को जागृत करना होगा। बालिकाएं खुद में आत्मबल के गुर सिखाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को तिलक पी.जी. महाविद्यालय बस्सी में बॉस इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक उत्तरदायित्व और कानून व्यवस्था को लेकर निर्भय स्कवॉयड की टीम ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए। टीम की एस प्रियंका सुरतिया एवं अनिता ने छात्राओं को विषम परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए उपयोगी तकनीक एवं सुरक्षा के प्रति आस्था व निष्ठा की शपथ दिलाई। कॉलेज उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने संविधान का अर्थ बताया और कहा कि भारतीय संविधान हमारी लोकतंत्र की आत्मा है एवं भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी व कार्मिक उपस्थित रहे। तिलक पी.जी. कॉलेज बस्सी में बॉस इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक उत्तरदायित्व और कानून व्यवस्था पर पुलिस निर्भय स्कावड राजस्थान पुलिस के संयोग से बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेडनिंग दी गई जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्म निर्भर बनाना है। छात्राओं को ये ट्रेनिंग निर्भया स्कावड की टीम टीम सुशीला एवं अनिता द्वारा कार्यशाला दी गई। इस कार्यशाला में टीम द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को विषम परिस्थिति में अपनी सुरक्षा करने के लिए उपयोगी तकनीक एवं सुरक्षा सम्बंधित जानकारी दी गई, उन्होने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस तकनीक का प्रयोग सिखाया तथा स्कावड टीम ने सभी छात्राओं को कॉप सिटिजन एप भी डाउनलोड करवाया, जिसके माध्यम से विषम परिस्थितियों में महिलाओं को पुलिस सहायता मिल सके। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज सैन एवं उपप्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा द्वारा स्कावड टीम व कार्यक्रम संयोजक अंकुश मीना व समस्त स्टॉफ का आभार व्यक्त किया।

शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान पर प्राचार्य मनोज सैन का सम्मान



बस्सी. समृद्ध राजस्थान-2047 विजन के अंतर्गत काउंसिल ऑफ सस्टेनेबल पीस एंड डवलपमेंट इंडिया ने राजस्थान इंटरनेशनल डवलपमेंट समिट एंड अवॉर्ड-2024 का आयोजन हुआ। इस दौरान तिलक पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज सैन का शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 'रिमारकेबल कोन्ट्रीब्यूशन इन बेस्ट एकेडिमशन' के रूप में दिए गए सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तिलक कॉलेज के निदेशक नारायण मीना एवं समस्त स्टाफ ने प्राचार्य को शुभकामनाएं दी। (नि.से.)

पराक्रम दिवस के रूप में याद कर मनाई नेताजी की जयंती



तिलक पीजी कॉलेज में सुभाषचंद्र बोस को याद किया



अंकुश को पीएचडी की उपाधि



बस्सी. शहर में एक कॉलेज में कार्यरत अंकुश मीना को ऋषि भर्तहरी मत्यस्य विश्वविद्यालय अलवर पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। मीना को सवाईमाधोपुर जिले में जल प्रबंधन का क्षेत्रीय विकास के योगदान विषय पर शोध के लिए उपाधि मिली है। उन्होंने शोध कार्य राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ अलवर के डॉ. जगफूल मीना के निर्देशन में पूरा किया है।

निर्भया स्कायड ने दी तिलक कॉलेज की छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण



Scanned with OKEN Scanner

मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ..

मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ..
तुम मत मेरी मंजिल आसान करो..

हैं फूल रोकते, कांटे मुझे चलाते..
मरुस्थल, पहाड़ चलने की चाह बढ़ाते..
सच कहता हूँ जब मुश्किलें ना होती हैं..
मेरे पग तब चलने में भी शर्माते..
मेरे संग चलने लगे हवाएं जिससे..
तुम पथ के कण-कण को तूफान करो..

मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ..
तुम मत मेरी मंजिल आसान करो..

फूलों से जग आसान नहीं होता है..
रुकने से पग गतिवान नहीं होता है..
अवरोध नहीं तो संभव नहीं प्रगति भी..
है नाश जहां निर्मम वहीं होता हैं..
मैं बसा सुकून नव-स्वर्ग 'धरा' पर जिससे..
तुम मेरी हर बस्ती वीरान करो..

मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ..
तुम मत मेरी मंजिल आसान करो..

मैं पंथी तूफानों में राह बनाता..
मेरा दुनिया से केवल इतना नाता..
वह मुझे रोकती है अवरोध बिछाकर..
मैं ठोकर उसे लगाकर बढ़ता जाता..
मैं ठुकरा सकूं तुम्हें भी हंसकर जिससे..
तुम मेरा मन-मानस पाषाण करो..

मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ..
तुम मत मेरी मंजिल आसान करो..

–गोपाल दास नीरज

Scanned with OKEN Scanner



तीसरी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी राउंड बॉल चैंपियनशिप की उप विजेता टीम में कॉलेज की छात्रा पूजा



स्व. शंकर पटेलजी की स्मृति में कॉलेज द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 के प्रतिभागी

Scanned with OKEN Scanner



मूल्य : ₹150

मुद्रक : हरिहर प्रिण्टर्स, जयपुर 2600850

Scanned with OKEN Scanner